नेट हाउस पॉलीहाउस तथा ग्रीन हाउस के प्रशिक्षण कार्यक्रम

आज दिनांक 25 फरवरी 2022 को प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन में नवाचार उद्यमिता तथा उसके संरक्षण के सिद्धांत को समाज में प्रसारित करने के उद्देश्य को लेकर डॉ एके पांडे विभागाध्यक्ष उद्यानिकी तथा डॉ आनंद सिंह के संयोजन मैं नेट हाउस पॉलीहाउस तथा ग्रीन हाउस के प्रशिक्षण कार्यक्रम कॉलेज के एमएससी कृषि उद्यानिकी के छात्रों के लिए किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में वलसार सीड्स प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरू के निदेशक डॉक्टर बृजेश त्रिपाठी ने ग्रीन हाउस , पॉलीहाउस ,नेट हाउस के बारे में छात्रोंको प्रशिक्षण दिया । साथ ही उन्होंने बताया कि नर्सरी में यदि हम हाइब्रिड सीड के सीडलिंग तैयार करेंगे तो उनकी कॉस्ट कम आएगी । यदि किसान या खेती से जुड़े हुए हाइब्रिड सीड को पुराने तरीके से बुबाई करेंगे तो जर्मिनेशन प्रभावित होगा जिससे उनकी पर यूनिट एरिया कॉस्ट बढ़ जायेगी और नुकसान होगा यदि पॉलीहाउस नेट हाउस ग्रीन हाउस के द्वारा हाइब्रिड सीड का प्रोडक्शन उच्च तकनीकी से करेंगे तभी लाभ प्राप्त होगा हम बीज को नेट हाउस ग्रीन हाउस पॉलीहाउस में उगा करके किसानों को उचित दाम पर देंगे तो अधिक लाभ होगा । एमएससी कृषि के छात्रोंको बताया कि पॉलीहाउस नेट हाउस के द्वारा इस तरह का अगर उद्योग लगाएंगे तो उनको बहुत लाभ होगा । पॉलीहाउस नेट हाउस में जो बीज लगाए जाते हैं उनकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। असमय वर्षा तापमान ,पॉलिनेशन तथा अन्य व्याधियों से बचने के लिए यदि हम इन हाइब्रिड सीड को बनाकर तैयार करेंगे तो किसानों को फायदा होगा हाइब्रिड सीड की कीमत 20000 से लेकर के 200000रूपये किलो से भी अधिक होती है हाइब्रिड टोमेटो ,चिली , अन्य सब्जियों के बीज बहुत महंगे आते हैं इसके अतिरिक्त सभी बच्चों को मोटिवेट किया कि अपने गांव क्षेत्र में जा करके अपना उद्योग चुन करके अपनी आय इन पॉलीहाउस ग्रीन हाउस नेट हाउस बना कर कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त तेजस, कोमल सरसों की वैरायटी का जो ट्रायल जनता कालेज में बच्चों के द्वारा किया गया था उसका भी निरीक्षण किया ।उन्होंने उस वैरायटी की गुणों को अवगत कराया और बताया तेजस और कोमल हाइब्रिड सरसों की वैरायटी यदि किसान लगाएंगे तो निश्चित रूप से उनको बहुत फायदा होगा क्योंकि यह वैरायटी उपज कुंटल अच्छी देती है प्रशिक्षण के दौरान उद्यानिकी के डॉक्टर एम पी यादव डॉक्टर संजय कुमार विश्वकर्मा डॉक्टर संजय कुमार तथा फील्ड विजिट के समय सस्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ एमपी सिंह डॉक्टर पीके राजपूत तथा एमएससी कृषि और बीएससी कृषि के सभी बच्चे विद्यार्थी उपस्थित रहे प्रशिक्षण मैं वलसाड सीड्स प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर डॉ सुधाकर शुक्ला तथा दीपक दुबे भी उपस्थित थे